एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अधीन उत्तर प्रदेश में कुओं का निर्माण

2482. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अधीन गत तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में जिलेवार और वर्षवार कितने कुओं का निर्माण किया गया है ;

(ख) इन कुओं का जिलेवार वर्गीकरण क्या है और उन पर कितनी राशि व्यय की गई है ;

(ग) कितने कुएं समाप्त हो चुके हैं अथवा बेकार पड़े हैं ;

(घ) पहले से बनाए गए कुओं का कार्य निष्पादन विवरण क्या है ; और

(ङ) चालू वित्तीय वर्ष के दौरान कितने कुएं खोदने का प्रस्ताव है और उन पर कितनी राशि व्यय किए जाने की संभावना है ?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री उत्तमभाई एच० पटेल) : (क) भारत सरकार जिला स्तर पर समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत कुओं के निर्माण की निगरानी नहीं करती है । उपलब्ध सूचना के अनुसार, वर्ष 1990–91 में उत्तर प्रदेश में समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत कुओं के निर्माण के लिए 7972 लाभार्थियों को वित्त पोषित किया गया था ।

(ख) से (घ) प्रश्न नहीं उठता ।

(ङ) समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत कुएं खोदने के कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किए जा हैं ।

उत्तर प्रदेश में ग्रामीण विकास पर व्यय की गई राशि

2483. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत दो वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में ग्रामीण विकास कार्यक्रम पर कुल कितनी राशि व्यय की गई है ;

(ख) शिक्षा और स्वास्थ्य पर कितनी धनराशि व्यय किये जाने का प्रस्ताव है ; और

(ग) उसका जिलेवार ब्यौरा क्या है ?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री उत्तमभाई एच० पटेल) : (क) उत्तर प्रदेश में गत दो वर्षों के दौरान केन्द्रीय प्रायोजित ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के कार्यान्वयन हेतु 144194.51 लाख रुपये की राशि खर्च की गई थी । इसके अतिरिक्त, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राज्य योजना के अंतर्गत ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के कार्यान्वयन हेतु 50085.00 लाख रुपये की राशि खर्च की गई थी ।

(ख) और (ग) 1992–93 के दौरान राज्य योजना के अन्तर्गत शिक्षा और स्वास्थ्य पर क्रमशः 21969.00 लाख रुपये और 12172.00 लाख रुपये खर्च करने का प्रस्ताव है ।

चूंकि शिक्षा और स्वास्थ्य राज्य के विषय हैं, अतः सरकार द्वारा जिला-वार ब्यौरे नहीं रखे जाते हैं ।

Laying of approach roads under Jawahar Rozgar Yojana

2484. SHRI R. T. GOPALAN: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether there is any rural scheme under Government's consideration to provide financial assistance to the State Governments or the District Rural Development Agencies for laying of approach roads connecting